अधिक जानकारी चाहिए?

एसआईपीपीई में आएं!

अपने सीएलएससी से संपर्क करें या 811 पर कॉल करें। आप अपने नज़दीकी सीएलएससी के बारे में जानने के लिए sante.gouv.qc.ca/en/repertoire-ressources पर जा सकते हैं।

Centre intégré universitaire de santé et de services sociaux du Centre-Sud-de-l'Île-de-Montréal
Québec

माता-पिता का फ़र्ज़ निभाना हमेशा आसान नहीं होता...

क्या आप मुश्किल में हैं?

एसआईपीपीई मदद करता है

Québec

एसआईपीपीई प्रोग्राम

हम सब अपने बच्चों के लिए बेहतरीन हालात चाहते हैं, पर माता-पिता का फ़र्ज़ निभाना हमेशा आसान नहीं होता। एसआईपीपीई (Integrated Perinatal and Early Childhood Services) एक ऐसा प्रोग्राम है जो आपको वह मदद प्रदान कर सकता है जो आपको गर्भावस्था के दौरान और आपके बच्चे के पैदा होने से उसके स्कूल जाने तक चाहिए।

अगर आप **एक ऐसी माँ हैं जिस ने हाई स्कूल तक की पढ़ाई पूरी नहीं की है** या **कोई व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है** और आपको **आर्थिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है**, तो आपके और आपके परिवार के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं:

निजी सहायता
आपकी ज़रूरतों के हिसाब से सहायता: स्कूल, काम, घर से संबंधित, सामाजिक सहायता

प्रेरणादायक विचार
बच्चों को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन की गई माता-पिता और बच्चों की क्रियाएं

उपयोगी जानकारी
सेहत, जोड़े के रिश्ते, बच्चे के विकास और माता/पिता के रूप में जीवन से संबंधित जानकारी

भेंट को और बेहतर बनाना
अन्य माता-पिता के साथ सामूहिक मुलाक़ातें, जिन में आप बात-चीत कर सकते हैं, विचार सांझे कर सकते हैं और उनका आदान-प्रदान कर सकते हैं

कोई अन्य सेवा चाहिए?

अपने सीएलएससी को अभी कॉल करें और सेहत व सामाजिक सेवा पेशेवरों से महत्त्वपूर्ण सलाह प्राप्त करें। वे मदद के लिए उपलब्ध हैं। पहला कदम होगा आपके घर आना ताकि आप से समझा जा सके कि आपको किस तरह की मदद की ज़रूरत है, ताकि गर्भावस्था के दौरान आपका मन शांत रहे।

प्रोग्राम को आपकी पारिवारिक ज़रूरतों के अनुसार बनाया गया है, और यह आपके स्थानक सीएलएससी से पेशेवरों की एक टीम द्वारा प्रदान किया जाता है: नर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, पोषण-विज्ञानी, मनोवैज्ञानिक-शिक्षक आदि।